जनसत्ता

एक्सप्रेस बिल्डिग
९-१०, बहादुरशाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली ११०००२

टेलीफोन : २७३९३१-५
२७७९८५

टेलेक्स : २२०८-२५०३

प्रिय पांडुरंग हेगडे,

दैनिक जनसत्ता का प्रकाशन हम २ अक्टूबर, १९८३ से शुरू कर रहे हैं।

इंडियन एक्सप्रेस समूह का यह दैनिक एक्सप्रेस परम्परा के अनुसार स्वतन्त्र और निष्पक्ष होगा और इसलिए निर्भीक भी। एक्सप्रेस के दस और फाइनेंशियल एक्सप्रेस के तीन संस्करणों का खबरों का नेटवर्क और मराठी, गुजराती, तमिल, तेलुगू और कन्नड के आठ दैनिकों का सहयोग जनसत्ता को विरासत में मिल रहा है। इसके अलावा हिन्दी राज्यों से खबरें इकट्ठी करने और भेजने का उसका अपना नेटवर्क भी खड़ा किया जा रहा है।

जनसत्ता कम्प्यूटरों पर कम्पोज़ होगा और ऑफसेट पर छपेगा।

लेकिन इस सारे तामझाम और सरंजाम का सार्थक उपयोग हिन्दी की अस्मिता और प्रतिभा से तादात्म्य किये बिना नहीं हो सकता। साहित्य तो खैर है ही हिन्दी की प्रतिभा विज्ञान, अर्थशास्त्र, राजनीति, समाजशास्त्र आदि में भी अच्छी तरह व्यक्त होने लगी है।

यह पत्र (माफ कीजिए, छापना पड़ा। फिर भी) निमंत्रण है कि आप जनसत्ता के लिए लिखिए और २ अक्टूबर के पहले ही भेजिए। अभी अपनी मर्जी से ही लिखिए। धीरे-धीरे जब सम्पर्क-सूत्र साफ होने लगेंगे तो कुछ हम सुझाएंगे कुछ आप सुझाना।

शुभकामनाओं सहित, और आपके लिखे की बाट जोहता हुआ--

श्री पांडुरंग हेगडे,
सिरसी।

आपका,

[signature]

प्रभाष जोशी